माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय
भोपाल, के नई परीक्षा प्रणाली के अनुसार

Narendra Publication's

# Best Question Bank



DCA Semester -2

## डेस्क टॉप पब्लिशिंग
(पेजमेकर एवं फोटोशॉप)

डेस्क टॉप पब्लिशिंग

Narendra Publication's Best QB

Created by Universal Document Converter

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के नये सिलेबस के आधार पर

# BEST

## Question Bank

# डी. टी. पी. विद पेजमेकर एण्ड फोटोशॉप

- सरल भाषा
- सटिक उत्तर
- सिलेक्टेड प्रश्न–उत्तर
- शिक्षकों द्वारा प्रमाणित

SAMPLE

प्रकाशक

नरेन्द्र पब्लिकेशन, नागपुर



Created by Universal Document Converter

# Unit-1

1 प्रकाशन मे डेक्सटॉप पब्लिशिंग के प्रयोग पर विस्तृत नोट लिखिए
**write a detailed note on the use of desktop publishing in publication* (Jan - 2013)**
या
प्रश्न :– डि. टी. पी. की प्रकाशन मे क्या उपयोगीता है। इसके महत्व को समझाइये।
**What is the use of DTP in publication ? write its importance (June -2010, Jun-2011)**
या

उत्तर :– पुराने समय मे किसी दस्तावेज को प्रिन्ट करने के लिए बहुत अधिक संसाधनो की आवश्यकता होती थी। पुराने समय में किसी प्रिन्टिंग इकाई को बडे जगह की आवशक्ता होती थी। लेकिन नई तकनीक एवं कम्प्यूटर की सहायता से यह काम बहुत कम जगह पर किया जा सकता है। इस नये प्रिन्टिंग पद्धति को डीटीपी (Desk Top Publication) कहा जाता है। डेक्स टॉप प्ब्लिकेशन (डी.टी.पी.) का अर्थ होता है, आप एक टेबल पर संपूर्ण पब्लिकेशन या छपाई (printing) का काम कर सकते है। कम्प्यूटर के आने के पहले प्रिन्टीगं या पब्लिकेशन यह बहुत मुश्किल तथा थका देने वाला काम था। यदि आपको एक साधारण लेटर पॅड कुछ सरल चित्रो के साथ भी बनाना है, तो इस के लिये बहुत वक्त तथा कुशल कारागीर की जरूरत होती थी। फिर भी उस सुधार के लिये बहुत कम संभावनायें थी। लेकिन आप कम्प्यूटर की सहायता से बहुत सुंदर तथा कलात्मक काम कम समय बना सकते है। आपने शादी की पत्रिकाये, परिचय पत्र या लेटर पैड देखे होगे जो डी.टी.पी. पैकेज की सहायता से बनाये जाते है। डी.टी.पी. पैकेज मे बनाये हुए कामों मे आसानी से बदलाव कर सकते है। आप लेटर पैड का आकार,


Created by Universal Document Converter

उनके अंदर प्रयोग किये हुए शब्दो का प्रकार आसानी से बदल सकते हैं। इतना ही नही आप संपूर्ण लेटर पैड का लेआऊट भी आसानी से बदल सकते है। पेजमेकर मे आप एक मास्टर डाक्यूमेंट बना कर उसे दूसरे डाक्युमेंट के साथ जोड सकते है। इसमे बडे आकार की डिजाइन बना सकते है, जिसे बाद मे अलग–अलग टुकडों मे लेजर प्रिन्टर से प्रिन्ट निकाला जा सकता है। मूलतः डी.टी.पी. पैकेज यह छपाई (**Printing**) के काम मे प्रयोग मे आते है। यदि आपको कोई पाम्पलेट छापना हो तो, प्रथम कम्प्यूटर मे उसकी डिजाइन बनानी होगी, उसके बाद लेजर प्रिन्टरं से प्रिन्ट लेना होगा, उसके बाद उसकी प्लेट बनाई जाती है। फिर उसे व्यवसायिक प्रिन्टींग मशीन पर लगाकर प्रिन्ट लिये जाते है। पेजमेकर यह पैकेज मुख्यतः साधारण तथा सरल डिजाइन बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है। डीटीपी सॉफ्टवेयर का मुख्य काम इच्छित प्रिन्टिंग के कार्य को सही तरीके से एवं तेजी से कम्प्यूटर पर सेट करना है। कुछ सॉफ्टवेयर यह एकल पेज डिजाइनिंग के लिए प्रयोग होते है, जैसे कोई पोस्टर की डिजाइन बनाना है, या लेटरपैड की डिजाइन बनाना आदि। कुछ सॉफ्टवेयर बहु पेज दस्तावेज के सेटिंग के लिए प्रयोग होते है, जैसे किसी किताब की सेट करना आदि।

वर्तमान प्रिन्टिंग तकनीक हमारे जीवन से बहुत गहराई से जुडी हुई है। हम रोज विभिन्न प्रिन्ट सामग्री का उपयोग करते है। समाचार पत्र, पत्र, बील आदि विभिन्न प्रिन्ट माध्यम से हम जुडे होते है। इस सभी प्रिन्ट की हुइ वस्तुओ की डिजाइन बनाने का काम डीटीपी सॉफ्टवेयर मे होता है। डीटीपी सॉफ्टवेयर की सहायता से सभी प्रकार के दस्तावेज की डिजाइन बनाई जा सकती है। प्रत्येक प्रकार के दस्तावेज का लेआउट अलग अलग होता है। जैसे किताब का पेज का आकार अलग होता है, ब्राउशर के पेज का आकार अलग होता है। साधारणतः निम्न दस्तावेज की डिजाइन बनाई जाती हैं।

- किताबे
- मासिक पत्रिका
- समाचार पत्र
- निमंत्रण पत्रिका
- बिजनेस कार्ड
- लेटर हेड
- पोस्टकार्ड
- विज्ञापन
- लिफाफे
- कैलेंडर
- पोस्टर
- बिल बुक
- कंपनी की सालाना रिर्पोट
- आवेदन पत्र
- कार्यलयीन नोटीस
- बैनर



Created by Universal Document Converter

5. ऑफसेट प्रिंटिंग से आप क्या समझते है? इसकी कार्य प्रणाली को विस्तार से समझाइए
**what do you mean by offset printer ? explain its working in detail* (June 2019)**

उत्तर :– **Offset printing**

यह साधारणतः छोटे एंव मध्यम कार्यो मे प्रयोग होती है, जैसे बिल बुक, फार्म, इत्यादि । इसमे एक साथ 1000 से 10,000 प्रतियां छापी जाती है। यह तेज एवं सस्ती प्रिन्टिंग प्रणाली है। समान्य प्रिन्टिंग कामो के लिए यह पद्धति बहुत प्रयोग होती है। इस प्रकार की प्रिन्टिंग तकनीक मे इमेज प्रिन्टिंग प्लेट से रबर की शीट पर स्थानांतरित होती है, उस रबर शीट से कागज पर इमेज स्थानांतरित होती है। इस प्रकार की तकनीक मे **oil** और **water** के प्रतिकर्षण गुणधर्म का प्रयोग करते हुए श्याही से कागज पर इमेज प्रिन्ट की जाती है। इसमे रबर की शीट मे जो हिस्सा प्रिन्ट नही होना है, उसमे पानी का बेस बनता है, तथा जिन हिस्से को प्रिन्ट होना है, उसमे स्याही (जिसमे आईल होता) का बेस बनता है। इस प्रकार की प्रिन्टिंग 1900 शताब्दी के शुरूवात से चालू हुइ थी।




बाकी मुद्रण पद्धतियों से यह प्रभावी, सस्ती, एव तेज तकनीक है। इसमे बडे आकार की प्रिन्टीग कम समय मे की जा सकती है। अन्य प्रिन्टिंग मशीनों की तुलना से ऑफ्सेट मशीनो पर कार्य करना आसान है।

यह मध्यम एवं बडे प्रिन्टिंग कामो मे प्रयोग होती है। इसकी प्रिन्टिंग गुणवत्ता अच्छे दर्जे की होती है। इसमे 2000 या उससे अधिक प्रति छापी जाती है। वर्तमान मे ऑफ्सेट प्रिन्टर का प्रयोग बहुत अधिक हो रहा है, इस प्रकार के प्रिन्टर से समाचार पत्र, किताब,


Created by Universal Document Converter

बहुरंगी पोस्टर, स्टेशनरी समान इत्यादि की प्रिन्टिंग की जाती है। इसका प्रयोग अधिकतर कागज पर प्रिन्टिंग के लिए होता है।
इस प्रकार के प्रिन्टिंग को लिथोग्राफी भी कहा जाता है। इस प्रकार की प्रिन्टींग ऑईल एव पानी के प्रतिकर्षण के सिद्धांत पर कार्य करती है, ऑईल और पानी कभी एक दूसरे से मिश्रित नही होते है। इस प्रकार के प्रिन्टर मे एक प्लेट प्रयोग की जाती है। यह प्लेट PVC या एल्युमीनियम की होती है। इसक अतिरिक्त अनेक प्रकार की प्लेट होती है, लेकिन साधारणतः एल्युमीनियम की प्लेट प्रयोग की जाती है। यह वजन मे हल्की, एवं मजबूत होती है। एल्युमीनियम की प्लेट पर पानी एवं ऑइल का कोई असर नही होता है। इस प्लेट पर प्रक्रिया कर उस पर जो डाटा प्रिन्ट करना है, वह उतारा जाता है। प्लेट पर जहॉ डाटा है वहॉ ग्रीस या ऐसा ही कोई घोल पुता होता है, तथा बाकी जगह पानी से गीली रहती है।

## ऑफ्सेट प्रिन्टिंग की प्रक्रिया

ऑफसेट मशीन मे मुख्यतः तीन सिलेंडर होते है, पहले सिलेंडर पर मास्टर या प्लेट लगाई जाती है, दूसरे सिलेंडर पर रबर की परत होती है, जिस पर इमेज प्रिन्ट होती है, तीसरे सिलेंडर से कागज लगता है। इसके अतिरिक्त स्याही को अच्छे से मिलाने के लिए विभिन्न रबर के रोल होते है। ऑफसेट प्रिटिंग मे प्रिन्ट करने की निम्न विधी है।

1. सर्वप्रथम जो डाटा प्रिन्ट करना है, उसे कम्प्यूटर द्वार प्लास्टिक प्लेट पर या बडी एक्सपोजिंग मशीन द्वारा एल्युमीनियम के प्लेट पर उतारा जाता है।
2. उस प्लेट को जिसे मास्टर भी कहा जाता है, उसे प्रथम सीलेंडर पर कसा जाता है।

जिस रंग मे छपाई करना है, उस रंग की स्याही इंक रोल मे डाली जाती है। स्याही को मशीन मे एक जगह रखा जाता है, उस जगह को inkDuct कहा जाता है।
इंकडक्ट यह एक रोलर से जुडा होता है, वह रोलर इंक डक्ट से आवश्यकतानुसर स्याही लेते रहता है।


Created by Universal Document Converter

इंक का रोलर और दो रोलर से जुडा होता है, उनमे एक रोलर यह दाएं–बाएं भी घुमता रहता है, जिससे स्याही अच्छे से मिक्स हो जाती है। दुसरा इंक रोलर प्लेट के सिलेंडर से घसते हुए घुमता है।

बेस रोल मे पानी डाला जाता है। इस प्रकार की प्रिन्टिंग मे पानी की बहुत अहम भूमिका होती है। इस प्रकार की प्रिन्टिंग मे जिस हिस्से मे प्रिन्टिंग होना है, वहॉ पर स्याही आती है, तथा जिस हिस्से मे प्रिन्ट नही होना है, उस पर पानी की परत आती है। इस तरह से सिर्फ प्लेट पर छपा मैटर ही प्रिन्ट होती है। इससे स्याही प्लेट पर लगती है। प्लेट के दूसरे हिस्से मे पानी का रोल भी जुडा होता है। स्याही और पानी दोनो प्लेट पर एक साथ लगती जाती है।

3. अब मशीन को चालू कर दिया जाता है। कुछ देर बाद स्याही या प्लेट सिलेंडर पर आती है।

प्लेट सिलेंडर यह रबर के सिलेंडर (जिसे ब्लांन्केट कहा जाता है।) से घसते हुए घुमता है। इससे प्लेट पर लगी हुई स्याही रबर के सिलेंडर पर आती है। रबर के सिंलेंडर से और एक सिलेंडर लगा होता है। उन दोनो के बीच मे से पेपर जाता है। जो इमेज रबर के सिलेंडर पर आती वह पेपर पर प्रिन्ट होती है।

4. प्लेट के जिसे हिस्से मे इमेज या टेक्स्ट है, उस पर स्याही की परत लग जाती है। बाकी हिस्से मे पानी की परत आ जाती है।
5. प्लेट पर जिस हिस्से मे स्याही लगी है, उसकी मिरर इमेज दूसरे सिलेंडर पर आती है। इस सिलेंडर पर रबर की परत चढी होती है।

अंत मे रबर की परत वाले सिलेंडर से पेपर पर इमेज प्रिन्ट होती है।

इस प्रकार प्रिन्टिंग सिर्फ एक समान सतह के पेपर पर ही की जा सकती है। यदि बहुरंगी प्रिन्टिंग करना है, तब उसे एक से अधिक बार प्रिन्ट किया जाता है। नीले, लाल, पिले एवं काले रंग से लगभग सभी रंग प्रिन्ट किये जाते है। कुछ बडी मशीनो मे यह चारों रंग एक साथ प्रिन्ट होते है।

### ऑफ्सेट प्रिन्टिंग प्रणाली के लाभ

इस प्रकार की तकनीक से सभी प्रतियों मे एक समान उच्च गुणवत्ता की प्रिन्टिंग आती है। इसमे प्रिन्टिंग साफ एवं स्पष्ट आती है। इसमे टेक्स्ट के साथ ग्राफिक की भी प्रिन्टिंग की जाती है।



Created by Universal Document Converter

1. इसकी गति बहुत अधिक होती है। यह सामान्यतः 1000 पेज प्रति घंटे से 10,000 पेज प्रति घंटे तक हो सकती है।
2. किसी पेज का मास्टर बनने के बाद, बहुत कम समय मे मशीन पर प्रिन्टिंग चालू कर सकते है।

इसमे प्लेट बनाने के बाद उस प्लेट से एक बार मे कितनी भी प्रिन्टिंग की जा सकती है। यद्यपी एक बार प्रिन्टिंग होने के बाद वह प्लेट फिरसे प्रयोग नही की जा सकती है।

इस प्रकार की मशीनों मे स्याही की खपत एवं अपव्यव बहुत कम होता है, इसलिए यह एक सस्ती प्रणाली है।

इस प्रणाली से की गई प्रिन्टिंग करने के बाद कोई और प्रक्रिया नही करनी पडती है।

3. बडे आकार की प्रिन्टिंग भी की जा सकती है।

इस प्रकार की प्रिन्टिंग मे बहुत अधिक कुशल व्यक्तियों की आवश्यकता नही होती है।

4. अधिक मात्रा की प्रिन्टिंग के लिए यह सबसे सस्ती प्रणाली है।
5. बहुरंगी प्रिन्टिंग की जा सकती है।

प्रिन्टिंग के समय बहुत शोर नही होता है, जैसे की **letterpress printing** मे होता है।

## ऑफ्सेट प्रिन्टिंग प्रणाली की कमीयॉ

1. ऑफ्सेट मशीन की लागत अधिक होती है, यह कुछ लाख से करोडों तक होती है।
2. इलेक्ट्रिक पावर की आवश्यकता होती है।
3. **rotogravure** या **photogravure** प्रकार की प्रिन्टिंग से इस प्रकार की प्रिन्टिंग की गुणवत्ता निम्न स्तर की होती है।
4. अर्धकुशल कर्मचारीयों की आवश्यकता होती है।
5. एक बार बनाई प्लेट को बार बार प्रयोग नही कीया जा सकता है।
6. कम मात्रा की प्रिन्टिंग के लिए मंहगी प्रणाली है।
7. फोटो क्वालिटी प्रिन्टिंग नही होती है।


Created by Universal Document Converter

# Unit -2

1. पेजमेकर के लाभ – हॉनियों को वर्णन किजिए
**Describe the advantage and disadvantages of pagemake* (Jan 2013)**
या
पेजमेकर क्या है तथा इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिये।
**What is pagemaker and explain its features?**

उत्तर :– पेजमेकर यह विश्व मे सबसे अधिक प्रयोग होने वाला डी.टी.पी. पॅकेज है। इसमे बडा डाटा भी आसानी से संयोजित (**compose**) कर सकते है। जिस पेज सेटिंग का काम पेजमेकर मे 2 घंटों मे कर सकते है, वो ही काम **manually** करने मे एक दिन से ज्यादा का समय लग सकता है। इसमे टायपीस्ट, ग्राफिक डिजाइनर, लेआउट आर्टिस्ट आदि काम आसानी से कर सकते है। इसमे टेक्स्ट के अतिरिक्त ग्राफिक्स मे कुछ सरल प्रभाव दे सकते है। यह बहुआयामी पॅकेज है, जिसमे आप सरल ग्राफिक्स की पत्रिका, एक संपुर्ण किताब या कलात्मक पाम्पलेट आसानी से बना सकते है। पेजमेकर का **edit story** विकल्प वर्ड प्रोसेसींग की सुविधा देता है, जिसमे बडा डाटा आसानी से टाइप कर सकते है, तथा उस डाटा को विभिन्न टूल (**spell check, find and change**) से जांच सकते है। इसमे बनने वाली फाइलों का आकार बहुत अधिक नही होता है। इसमे बनाई गई डिजाइन मे आसानी से सुधार या बदलाव किये जा सकते है। इसमे अन्य ग्राफिक्स पैकेज से डिजाइन डाली जा सकती है, तथा डिजाइन को मुल पैकेज से **link** किया जा सकता है। पेजमेकर मे स्कॅनर से फोटो, मैप आदि जोड सकते है। ग्राफिक का आकार, स्थिति, रंग आदि एक क्लिक द्वारा बदल सकते है।

यह पॅकेज मॅकन्टोस (**Macantos**) तथा आय.बी.एम **IBM** दोनो प्रकार के कम्प्यूटर पर चलता है। यह पैकेज के टूल बहुत अर्थपुर्ण तथा आसान है। एक स्कुली छात्र भी इस पॅकेज मे काम कर अच्छे डिजाइन बना सकते है। पेजमेकर मे बनी हुई फाइल का आकार भी दूसरे ग्राफिक पॅकेज की तुलना मे बहुत कम होता है। जिससे आप अपनी डिजाइन एक **Floppy** मे भी ले


Created by Universal Document Converter

सकते है। यह पॅकेज **Adobe** कंपनी ने बनाया है। इसमे *256* मास्टर पेज बना सकते है। इसमे फोटोशॉप फाइल के विविध गुण प्रयोग कर सकते है। आप फाइल **Html** फॉरमेट मे बना सकते है, जिसे सीधे इंटरनेट पर डाल सकते है। पेजमेकर के निम्न विशेषण है

- इसमे एक क्लिक से दस्तावेज को बडे एवं छोटे आकार मे देख सकते है।
- मार्जिन के अनुसार पेज मे लेआउट स्वयं की तैयार कर लेता है।
- मास्टर पेज की सुविधा से हेडर फुटर आदि आसानी से बनाया जाता है।
- इसमे एक फाइल मे एक से अधिक मास्टर पेज बनाये जा सकते है।
- इसमे फॉन्ट **kerning, tracing** आदि कि सुविधा है, जिससे टेक्स्ट पर अधिक नियंत्रण रखा जा सकता है।
- इसमे **spell check, find and change** आदि की सुविधा है।
- इसमे ग्राफिक्स **crop** करने एव ग्राफिक्स को इच्छित **shape** मे डालने की सुविधा है।
- **index** बनाने की सुविधा है।

हानियॉ

1. ग्राफिक्स एवं रंग संयोजन की बहुत कम सुविधायें
2. इसमे बनाये गई फाइलों को बहुत से स्वॉफ्टवेयर जैसे एमएस वर्ड आदि के साथ साझा नही किया जा सकता है।
3. पेजमेजर मे गणितीय समीकरण आदि लिखने बहुत समस्या आती है।
4. टेबल बनाना मुश्किल है।

## 12. निम्न टूल का संक्षिप्त विवरण दे
## Write short note on following

1. **Selection tool**
2. **Crop tool**
3. **Oval tool**
4. **Rotate tool**



Created by Universal Document Converter

5. **Perpendicular line tool**

उत्तर :– **Selection (चुनाव) tool**:

यह टूल किसी भी डाटा जैसे टेक्स्ट, ऑब्जेक्ट, इमेज आदि को सिलेक्ट करने के लिये होता है। पेजमेकर मे किसी भी डाटा मे बदलाव करने के लिए उसे सिलेक्ट करना आवश्यक है। यह टूल डाटा को मूव करने के लिए, प्रतिरूप (Copy) बनाने, आकार मे बदलाव करने के लिये प्रयोग आता है। जब कोई ऑब्जेक्ट या इमेज सिलेक्ट करते है, तो उसके चारो और आठ छोटे बॉक्स दिखाई देते है। तथा जब आप कोई टेक्स्ट हेडर या फ्रेम सिलेक्ट करते है तो उस टेक्स्ट के ऊपर और नीचे दो लाइन दिखती है। दो छोटे बॉक्स लाइनो के कोने मे दिखते है। इन छोटे बॉक्स के साथ आप ऑब्जेक्ट या इमेज को बडा या छोटा कर सकते है।

**Rotate tool**

इस टूल का उपयोग टेक्स्ट फ्रेम, ऑब्जेक्ट, इमेज को वांछित दिशा मे घुमाने के लिये किया जाता है। जब आप इस टूल द्वारा किसी ऑब्जेक्ट या टेक्स्ट फ्रेम को क्लिक करते है तो स्टार आकार का पाइंटर दिखाइ देता है। उसे किसी भी छोटे चौकोर बॉक्स पर क्लिक करे तथा वांछित दिशा मे माऊस घुमाये। यदि आप ऑब्जेक्ट Exact angle मे घुमाना चाहते है, तब वह कट्रोल पॅनल द्वारा कर सकते है।

**Crop tool**

यह टूल मुलतः इमेज तथा बाहर से लाये गये ऑब्जेक्ट के लिये काम मे आता है। इस टूल द्वारा इमेज या चित्र का अनावश्यक हिस्सा काट सकते है। इसके लिये इस टूल को क्लिक करे। आपको Crop का पाईटंर दिखाई देगा अब वांछित छोटे चौकोर को क्लिक करे तथा माऊस को उचित जगह पर ले जाये।

Shift की बटन दबाकर रखे।

**Perpendicular line tool**

इस टूल से आप सीधी लाइन बना सकते है। इसके अतिरिक्त आप 45,90,135,180,360 कोन मे भी लाइन बना सकते है।

**Oval tool bar**



Created by Universal Document Converter

इस टूल से गोलाकार आकृति बनाई जाती है। यदि आपको **prefect circle** बनाना है, तब **ctrl** बटन के साथ माऊस को **drag** करे।

नरेन्द्र पब्लिकेशन



Created by Universal Document Converter

# UNIT -3

1. **Master page की उपयोगिता समझाइए? नया मास्टर पेज बनाने की विधी समझाइए।**
**Explain use of master page. explain process to create new master page**

उत्तर :– **Master Page**

किसी बडे किताब मे बहुत ज्यादा पेज होते है, ऐसे फाइल मे सभी पेज के लिए एक समान लेआउट बनाना पडता है। कुछ common घटक जैसे प्रत्येक पेज के ऊपर एक समान header, जो उस किताब या अध्याय का शीर्षक आदि हो सकता है। या पेज के नीचे पेज नंबर जिसे footer कहते है, डालना पडता है। इन सब कार्यों को करने के लिए मास्टर पेज विकल्प बहुत उपयोगी है। मास्टर पेज मे फाइल के सभी पेज को लेआउट, हेडर, फुटर निश्चित कर सकते है। जो ऑब्जेक्ट मास्टर पेज मे बनाया जाता है, वह ऑब्जेक्ट अपने आप फाइल के सभी पेजों मे आ जाता है। मास्टर पेज का icon स्किन के नीचे बांये ओर रहता है। जिसमे L अक्षर यह दांये पेज के लिए एवं R अक्षर बांये पेज के लिए होता है। यदि single sided पेज है तब सिर्फ R अक्षर दिखता है। मास्टर पेज मे काम करने के लिए इस icon को क्लिक करे। उदाहरण के लिए यदि आपके फाइल के सभी पेज मे टेक्स्ट दांये मार्जिन से 1 इंच के दूरी पर रखना है। इसके लिए आप मास्टर पेज मे, एक guide दांये मार्जिन से 1 इंच दूरी पर रखें, अब सभी पेज मे 1 इंच दूरी पर एक guide दिखाई देगी। यदि दस्तावेज मे नया पेज insert किया है, तब भी 1 इंच दूरी पर guide दिखाई देगी। मास्टर पेज की सेंटिग को सामान्य पेज मे नही बदल सकते। अर्थात यदि मास्टर पेज मे कोई ऑब्जेक्ट बनाया है, तब उसे आप सिर्फ मास्टर पेज मे परिवर्तित कर सकते है, सामान्य पेज उस ऑब्जेक्ट मे कोई भी बदलाव नही कर सकते है।

लेकिन मास्टर पेज बनाने के बाद उसके प्रभाव बाकी सभी पेज पर लागु करना पडता है। इसके लिए

- Windows मेनु को क्लिक करे।



Created by Universal Document Converter

- Show master विकल्प को क्लिक करे। इसमे आपके पब्लिकेशन जितने भी मास्टर पेज है, उनकी सूची दर्शाई जाती है।
- उनमे से इच्छित मास्टर पेज को सिलेक्ट करे।

**नया मास्टर पेज बनाना**

वैसे पब्लिकेशन मे एक मास्टर पेज होता है, लेकिन एक हि पब्लिकेशन मे अलग अलग प्रकार के पेज सेट करना है, तब एक से अधिक मास्टर पेज बनाना पडेगा। एक मास्टर पेज का प्रभाव उन सभी पेजों पर होता है, जो उसके अतर्गत आते है। यदि एक पब्लिकेशन मे अलग अलग पेजो को अलग मार्जिन देना है, या पेज नंबर भिन्न भिन्न देना है, या अलग लेआउट बनाना है, तब एक से अधिक मास्टर पेज का प्रयोग किया जाता है। मास्टर पेज बनाने के लिए

- Window मेनु मे Show Master विकल्प को क्लिक करे।
- मास्टर पेज का पैलेट दिखाई देगा, उसमे नीचे कि ओर **new master** बटन को क्लिक करे। **new master page** का डायलाग बॉक्स दिखाई देगा। उसमे ऊपर कि ओर नये मास्टर पेज का नाम टाइप करे। उस मास्टर के लिए इच्छित मार्जिन सेट करे। **ok** बटन क्लिक करे। अब मास्टर पैलेट मे नये मास्टर पेज का नाम दिखाई देगा। यदि मास्टर पेज के सेटअप मे बदलाव करना है, तब नाम पर दो बार क्लिक करे। फिर से **new master page** का डायलाग बॉक्स दिखाई देगा।
- जिस पेज को नये मास्टर पेज के अतर्गत लाना है, उसे क्लिक करे तथा मास्टर पैलेट मे नये मास्टर पेज को क्लिक करे।
- एक से अधिक पेजों को नये मास्टर मे लाना है, तब मास्टर पैलेट के ऊपर ओर एक ऐरो बटन है, उसे क्लिक करे। मेनु दिखाई देगा "**apply..**" विकल्प को क्लिक करे।
- **Apply master** का डायलाग बॉक्स दिखाई देगा। उसमे कौन से पेज से कौन से पेज तक मास्टर पेज के अंतर्गत लाना है, वह पेज नंबर टाइप करे। उदाहरण के लिए पेज 5 से पेज 13 तक पेज पर नया मास्टर पेज लागु करना है, तब "**5-13**" टाइप करे। "**Apply**" बटन को क्लिक करे।



Created by Universal Document Converter

पब्लिकेशन मे नया पेज डालते है, तब **page insert** डॉयलाग बॉक्स मे नीचे कि ओर नये पेज को कौन से मास्टर पेज मे डालना है, वह सेट करना पडता है। कोई मास्टर पेज हटाने के लिए मास्टर पैलेट मे नीचे कि ओर **delete** बटन को क्लिक करे। वह मास्टर पेज हट जाता है, लेकिन उस मास्टर पेज के अंतर्गत आने वाले पेज नही मिटते अपितु उनकी पेज सेटिंग बदल जाती है।

### 3. स्टोरी **(story)** का पेजमेकर मे क्या तात्पर्य है? **What is meant by story in pagemaker * (June 2010, Jan 2011)**

या

**Edit story** का उपयोग समझाइए। **Edit story** खोलने एवं उसमे कार्य करने की प्रक्रिया समझाइए।

**what is use of edit story. explain how to work in edit story**

उत्तर :– पेजमेकर मे जो टेक्स्ट एक **text handle** मे होता है, उसे एक स्टोरी कहा जाता है। प्रत्येक स्टोरी को अलग अलग फारमेट किया जा सकता है। एक स्टोरी एक आसानी से इच्छित जगह **move** या **Copy** किया जा सकता है। एक पेज मे कार्य के अनुसार एक से एक से अधिक स्टोरी बनाई जा सकती है। जब किसी स्टोरी **selection** टुल से सिलेक्ट करते है, तब उपर और निचे कि ओर दो लाइन दिखाई देती है। इन लाइनों को खींच कर स्टोरी आकार बदला जा सकता है। इसमे निचे की और कुछ संकेत दर्शाये जाते है। "**+**" :- यदि निचे कि ओर यह चिन्ह दर्शाय है, इसका अर्थ होता है, उस **handle** मे कुछ टेक्स्ट और है, जो दिखाई नही दे रहा है। यदि उसे निचे की ओर खींचा जाये तो और टेक्स्ट दिखता है।

किसी स्टोरी मे बदलाव करने के लिए "**Edit story**" विकल्प का प्रयोग किया जाता है। यद्यपी **edit story** मे डाटा टाइप भी किया जा सकता है। बडे पब्लिकेशन का काम कर रहे है, जैसे प्रोजेक्ट रिर्पोट, किताब, आदि, तब यह विकल्प बहुत उपयोगी है। या जब बडा टेक्स्ट डाटा डालना है, तब इस



Created by Universal Document Converter

विकल्प का प्रयोग किया जाता है। जब आप बडा टेक्स्ट टाइप करते है, तब प्रत्येक बार नया पेज बनाना पडता है, या बडे टेक्स्ट मे सुधार के लिए प्रत्येक पेज पर जाना पडता है। लेकिन पेजमेकर मे **edit story** विकल्प है, जिसमे आप टेक्स्ट डाटा आसानी से डाल सकते है। यह एक **word processor** के समान कार्य करता है। इसमे टाइप किया डाटा पेज मे सेट कर सकते है। एक फाइल मे एक से अधिक **edit story** बना सकते है।

**Story editor खोलना**

किसी **story editor** को बनाने या खोलने के लिए

- "**Edit**" मेनु को क्लिक करे।
- "**Story editor**" विकल्प को क्लिक करे।

नई स्क्रिन दिखाई देगी, जिसमे टेक्स्ट प्रकार का डाटा डाला जा सकता है। इस स्क्रिन मे दो हिस्से होते है, जिसमे बडे हिस्से मे डाटा डाला जाता है। दूसरे हिस्से मे टेक्स्ट से सम्बन्धित जानकारी दर्शाई जाती है, जैसे उसकी स्टाइल आदि। इस स्क्रिन मे टेक्स्ट डाटा डालने के लिए बडी जगह दि जाती है। इसमे आप टेक्स्ट का फॉन्ट, रंग, आकार आदि बदल सकते है। लेकिन इसमे टेक्स्ट के प्रभाव नही दर्शाये जाते है। जब आप उस टेक्स्ट को पेज पर लाते है, तब उसके प्रभाव दिखाई देते है। आप एक किताब के सभी अध्याय एक हि स्टोरी मे टाइप कर सकते है। लेकिन यदि बडा डाटा है, तब प्रत्येक अध्याय के लिए अलग अलग स्टोरी बनाए।

नई **story** बनाने के लिए

- "**Story editor** मे जाए।
- "**Story**" मेनु को क्लिक करे।
- "**New story**" विकल्प को क्लिक करे।

नई विंडो दिखाई देगी, यह नई स्टोरी है, इसमे आप डाटा टाइप कर सकते है। स्टोरी का नाम उसके हेडिंग या पहले लाइन के टेक्स्ट के आधार पर आता है।

**स्टोरी को टेक्स्ट पेज पर लाना**

स्टोरी मे टेक्स्ट टाइप करने के बाद उसे पेज पर लाना पडता है।

- "**Edit**" मेनु को क्लिक करे।
- "**Edit layout**" को क्लिक करे।



Created by Universal Document Converter

- पेज का लेआउट दिखाई देता है, तथा माऊस पाईटर चौकोर आकार मे दर्शाया जाता है।
- जहॉ से टेक्स्ट डालना है, वहॉ पर उस पाईटर को रखें एंव अंत तक खींचते ले जाए।

**edit story** मे विभिन्न विकल्प चालु हो जाते है, जैसे **spell check, find & replace** आदि। लेकिन **page setup, print** विकल्प बंद हो जाते है।



Created by Universal Document Converter

# UNIT -4

1. फोटोशॉप ग्राफिक्स एवं आर्ट मे व्यापक रूप मे प्रयोग होने वाला सॉफ्टवेयर है। क्यो ? समझाइए

**photoshop is the most extensively used software in graphics and art industry. why? explain (Jan 2013)**

या

फोटोशॉप सॉफ्टवेअर के विशेषताओं को समझाइए

**Explain features of Photoshop software**

उत्तर :– वर्तमान मे फोटो एडिटिंग के लिए इस सॉफ्टवेयर का सबसे अधिक उपयोग हो रहा है। स्कैनर या डिजिटल कैमेरा से प्राप्त फोटो या इमेज को सुधारने, विभिन्न प्रभाव देने के लिए इस सॉफ्टवेयर का उपयोग होता है। इसके अतिरिक्त इसमे विभिन्न ड्राइंग टूल है, जिनकी सहायता से आप इस सॉफ्टवेयर मे इच्छित ड्राइंग बना सकते है। इंटरनेट या वेब पेज मे फोटो या इमेज जोडने के लिए इसमे विभिन्न टूल दिये है। इसमे बनाई गई इमेज को विभिन्न फाइल फॉरमेट मे सेव कर सकते है। इसमे सरल ड्राइंग से लेकर जटिल फोटो तक पर कार्य कर सकते है। फोटोशॉप अनुप्रयोग का फोटो एवं ग्राफिक्स मे काम करने के लिए उपयोग होता है। इसमे फोटो पर विभिन्न प्रभाव दे सकते है, दो फोटो को एक साथ ला सकते है। फोटोशॉप यह 32 bit अप्लिकेशन सॉफ्टवेयर है। इसे विंडो ऑपरेटिंग सिस्टम पर प्रयोग कर सकते है।

फोटोशॉप की विशेषताएँ

1. इसमे बनी फाइलों को आसानी से वेब पेज पर डाल सकते है।
2. फाइल खोलने एवं उन्हे पहचानने के लिए आधुनिक फाइल ब्राउजर दिया है। जिसकी सहायता से इच्छित फाइल खोजने मे आसानी होती है। फाइल ब्राउजर मे प्रत्येक फाइल का प्रिव्यु, फाइल का नाम, फाइल बनने की तारीख, फाइल का प्रकार, कलर मोड, आकार आदि दर्शाया जाता है।



Created by Universal Document Converter

3. जटिल फोटो या ड्राइंग मे कार्य करने के लिए **layer** सुविधा दी गई है। लेयर के प्रयोग से जटिल ड्राइंग या फोटो को अलग स्तर पर बांट कर काम किया जा सकता है।
4. फोटोशॉप के कार्य को **undo** विकल्प से रद्द कर सकते है। इसमे **history** पैलेट की सुविधा दी गई है, इस पैलेट मे पुराने कार्य कि सूची दर्शाई जाती है। इस पैलेट के उपयोग से फोटो या इमेज को पुरानी स्थिति मे ला सकते है।
5. फोटोशॉप के स्क्रिन को कार्य के अनुसार सेट कर सकते है, इसमे इच्छित पैलेट को दृश्य या अदृश्य कर सकते है। फोटोशॉप मे एक पैलेट के साथ उससे सम्बन्धित पैलेट स्वयं हि खुल जाते है। फोटोशॉप कार्य करते समय विभिन्न परिमाणो की जानकारी नीचे **status** बार मे दर्शाई जाती है, जो कार्य करने मे बहुत उपयोगी होती है।
6. फोटोशॉप इमेज को सिलेक्ट करने के बहुत से टूल है, जो अलग अलग तरीके से इच्छित हिस्से को सिलेक्ट करने मे बहुत सहायक है। इस सुविधा से फोटोशॉप मे किसी फोटो मे प्रभाव देने का काम बहुत आसानी से एवं सटिक हो सकता है। इसमे जो भाग सिलेक्ट किया है, उसे सेव कर सकते है, तथा आवश्यकतानुसार उसे प्राप्त कर सकते है।
7. फोटो मे वांछित रंगो को सुधारने या बदलने का कार्य फोटोशॉप मे बहुत तेजी से एवं आसानी से किया जा सकता है।
8. फोटो का साफ करना, अशुद्धियॉ निकालना पुरानी फोटो मे से फटे हिस्से को सही करना आदि कामो के लिए फोटोशॉप मे बहुत से ड्राइंग एवं ब्रश टूल दिये है। यह बहुत प्रभावी एवं सरल है।
9. फोटो के किसी हिस्से को छुपाना, या फोटो के दूसरे हिस्से का रंग बदलना, आदि कामो के लिए **mask** सुविधा दी गई है।
10. फोटोशॉप मे बहुतसे कलात्मक प्रभाव दिये है, एवं प्रभाव को फोटो पर लागु करने के लिए बहुत से विकल्प भी उपलब्ध है। इसके लिए अलग **filters** मेनु दिया है, जिसमे विभिन्न प्रभावो की सूची है, इसके


Created by Universal Document Converter

अतिरिक्त आप इंटरनेट के माध्यम से भी विभिन्न प्रभाव फोटोशॉप मे डाउनलोड कर सकते है।

11. फोटोशॉप मे किसी फोटो के आकार मे आसानी से बदलाव कर सकते है, उसको इच्छित दिशा मे घुमा सकते है।

इसमे फोटो या ऑब्जेक्ट के साथ साथ टेक्स्ट मे भी कार्य कर सकते है, इसमे **spell check, find and replace** आदि सुविधाएँ दी गई है।

6.. **निम्न फाइलो के बारे मे विवरण दे**
**write note on following files**

a. **JPEG**
b. **BMP**
c. **GIF**
d. **DIB**

उत्तरः– **JPEG** या **JPG** (Joint Photographic Expert Group)
वर्तमान मे इस फाइल फॉरमेट का अधिक प्रयोग हो रहा है। इस प्रकार के फाइल का आकार छोटा होता है। डिजिटल कैमेरा, स्कैनर आदि मे इमेज स्टोर करने के लिए इस फाइल फॉरमेट का उपयोग होता है। इंटरनेट पर इमेज साझा करने या वेब साइट पर इमेज दर्शाने के लिए सबसे उपयुक्त फाइल फॉरमेट है। लेकिन यह फाइल फॉरमेट, लाइन ड्राइंग, आयकॉन, **texture** आदि प्रकार के लिए अनुकुल नही है। इस प्रकार की फाइल फॉरमेट के इमेज के आकार मे बदलाव करते समय प्रत्येक बार बिटमैप की **quality** खराब होते जाती है।

इस फार्मेट का प्रयोग वर्ड वाइड वेब व अन्य ऑनलाइन सेवाओं में हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज, डॉक्यूमेन्ट्स में फोटोग्राफ आदि प्रदर्शित करने के लिये किया जाता है। बहुत छोटे आकार की फोटो इमेज के लिये सही फाइल फॉरमेट है। ये मूल डेटा के 1/10 आकार तक कम्प्रेस हो जाती हैं। यह फार्मेट **CMYK, RGB** और ग्रेस्केल कलर मोड्स आदि को सपोर्ट करता है लेकिन अल्फा चैनल को सपोर्ट नहीं करता है। **jpeg** सभी कलर इन्फर्मेशन को एक **RGB** इमेज में रखता है, फाइल साइज को कम्प्रेस करता


Created by Universal Document Converter

है। एक jpeg इमेज को जब खोला जाता है, वह स्वंयःही डीकम्प्रेस हो जाती है। इमेज कि गुणवत्ता उसके कम्प्रेशन पर निर्भर होती है। कम्प्रेशन का स्तर बढने पर इमेज की क्वालिटी कम होती जाती है, कम्प्रेशन का स्तर कम होने पर क्वालिटी बेहतर होती है। jpeg कम्प्रेशन की सुविधा के कारण इसे कम मेमोरी की आवश्यकता पडती है, जिससे मेमोरी की लागत कम हो जाती है। सामान्यतः कम्प्रेस्ड JPEG इमेज के कम्प्रेशन अनुपात 5:1 और 15:1 के बीच होते हैं।

**BMP**

यह विंडो ऑपरेटिंग सिस्टम की सबसे पुरानी बिटमैप फाइल फॉरमेट है। इस प्रकार की फाइल का आकार बडा होता है। BMP का पूरा नाम बिटमैप पिक्चर (Bitmap Picture) है। इस प्रकार के फाइल का प्रयोग इमेज संग्रहित करने के लिए होता है। इसे विंडो ऑपरेटिंग सिस्टम मे प्रयोग करने के लिए बनाया गया था, अपितु अब यह विभिन्न ऑपरेटिंग सिस्टम पर भी कार्य कर सकती है। बीएमपी फाइलें पिक्सेल से मिलकर बनी होती हैं, जो कि किसी इमेज में कलर को स्क्रिन पर दर्शाने वाले सूक्ष्म बिन्दु होते हैं। किसी बिटमैप में प्रदर्शित किये जा सकने वाले रंगों की संख्या जितनी अधिक होगी, फाइल का आकार भी उतना ही अधिक होगा।

आप किसी बिटमैप के आकार को कुछ सीमा तक घटाकर भी अधिकांश इमेज क्वालिटी को बनाए रख सकते हैं। इस प्रकार कि फाइलो के ऑब्जेक्ट का आकार बहुत बडा नही कर सकते है। यदि आकार बडा करने की कोशिश करते है, तब इमेज अर्थपुर्ण नही दिखती है, अपितु सिर्फ रंग के कुछ ब्लाक दिखाई देते है। विण्डो ऑपरेटिंग सिस्टम पर कार्य करने वाले लगभग सभी अप्लिकेशन मे इस प्रकार के फाइलो की प्रयोग कर सकते है। इन फाइलो का आकार कम नही कर सकते है। यह फाइले अनकम्प्रेस्ड प्रकार की होती है।

